तापमान
अधिकतम 30 .4 डिग्री
न्यूनतम 8 .1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 4 मार्च 2025

12 घटकर 31.9% पर आया मतदान 240 वोट भी घटे, टेंशन में भाजपा



12 बजट सत्र के बाद शुरू होगी बस स्टेशनों को हाईटेक...



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में एक मरा, दो घायल

**पानीपत।** बाबरपुर पुल पर ट्रैक्टर व कार के बीच टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार नवजोत, शमशेर सिंह, गुरलाल सिंह निवासी पेहवा, कुरुक्षेत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां शमशेर की मौत हो गई। इधर, हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शमशेर का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं नवजोत सिंह की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, दो युवतियां घायल

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में अम्बाला-दिल्ली नेशनल हाईवे पर रविवार-सोमवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कार डिवाइडर से टकराई और उसके बाद लिंक रोड पर पलट गई। हादसे में कार सवार 2 युवतियां गंभीर घायल हो गई, जिन्हें नागरिक अस्पताल शाहबाद में प्राथमिक उपचार दिया गया। हादसे की सूचना मिलने पर शाहाबाद पुलिस और हेल्पर्स सोसायटी की टीम मौके पर पहुंची और मदद में जुटी। घायलों की पहचान येसमीन (25 वर्षीय) और हीना (21 वर्षीय) के रूप में हुई है।

### पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ा

**समालखा।** सीआईए टू पुलिस टीम ने समालखा नेस्ले कंपनी के नजदीक नशा तस्कर सोनू पुत्र दलबीर निवासी गांव चुलकाना जिला पानीपत को 11 किलो 224 ग्राम गांजा नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं सोनू के अन्य साथियों की जानकारी लेकर उन्हें पकड़ने के लिए आरोपी को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### पुलिस ने हुड़दंग करते दो शराबियों को दबोचा

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुडदंग कर रहे अनिल पुत्र पपू निवासी गांव महमदपुर व अनिल पुत्र शर्माराम निवासी गांव बड़ी रजापुर को गिरफ्तार किया। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर हरनारायण ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

### पुलिस की टीम ने शराब तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** थाना किला पुलिस की टीम ने पवन पुत्र रामधन मूल निवासी निवासी गांव दुभेटा जिला सोनीपत हाल निवासी दलबीर नगर को अपने ही घर के बाहर अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकडा है। थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना किला में केस दर्ज किया गया है।

### घर से नकदी और जेवर ले उड़े चोर

**पानीपत।** वधावाराम कॉलोनी निवासी संजय ने बताया कि चोरों ने उनके घर से नकदी, जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय वह अपनी पत्नी पार्वती के साथ उपचार के लिए डाक्टर के पास गया था। वापस लौटा तो घर में चोरी होने होने का पता चला। इधर, तहसील कैंप पुलिस ने संजय की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इसराना गांव में पुलिया टूटी, हादसे का डर

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना में रेस्ट हाउस से गांव चिढ़ाना की तरफ जाने वाले रजबाहे पर बनाई गई नई पुलिया टूट गई है। यह पुलिया इसराना पुलिस थाने से कुछ दूरी पर स्थित है। इस रास्ते का प्रयोग गांव इसराना से जीटी रोड तक जाने के लिए किया जाता है। यहां से परढाना की सीमेंट फैक्ट्री और अन्य फैक्ट्रियों के भारी वाहन भी गुजरते हैं। इसराना के ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग से पुलिया का नवनिर्माण करने की अपील की है।

# स्ट्रांगरूम पर ईवीएम मशीनों पर पुलिस का रहेगा कड़ा पहरा

- जिला प्रशासन ने नपा रादौर चुनाव को लेकर कस्बा के सरकारी स्कूल में बनाया स्ट्रांगरूम
- स्ट्रांगरूम पर तैनात किए 40 पुलिस कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

नगरपालिका रादौर के चेयरमैन और पार्षदों के चुनाव की मतगणना 12 मार्च को कस्बा के सरकारी स्कूल में की जाएगी। जिसको लेकर प्रशासन की ओर से ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। ईवीएम मशीनों की सुरक्षा को लेकर पुलिस का कड़ा पहरा लगाया गया है। पुलिस के लगभग 40 जवान अलग अलग शिफ्ट में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा करने में लगे हुए है।

### सुरक्षा को लेकर कैमरे लगाए

ईवीएम मशीनों की सुरक्षा को लेकर स्कूल परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। वहीं स्ट्रॉग रूम में ईवीएम मशीनों को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। जिसको लेकर स्ट्रांग रूम के बाहर कैमरो से जुड़ी एलसीडी स्क्रीन लगाई गई है। जिस पर उम्मीदवार स्ट्रांग रूम को लेकर प्रशासन की ओर से ईवीएम मशीनों की सुरक्षा को लेकर किए गए इंतजाम देख सकते है।




**यमुनानगर।** सरकारी स्कूल रादौर में बनाए गए स्ट्रांग रूम के बाहर पहरा देते पुलिस के जवान।

### 9520 मतदाताओं ने किया मतदान

शहर के 14 वार्डों के लगभग 11950 मतदाताओं में से 9520 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। रादौर के वार्ड नंबर 14 में सबसे अधिक 908 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। वार्ड में कुल 1093 मतदाता थे। सबसे कम वार्ड नंबर 5 में 215 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें कुल 319 मतदाता थे।

### 79.67 प्रतिशत मतदान हुआ

शहर के वार्ड नंबर 1 में 892 मतदाताओं में से 725 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 81.28 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 2 में 957 मतदाताओं में से 856 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 89.45 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 3 में 841 मतदाताओं में से 707 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 84.07 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 4 में 964 मतदाताओं में से 748 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 77.59 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 5 में 319 मतदाताओं में से 215 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 67.40 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 6 में 667 मतदाताओं में से 509 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 76.31 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 7 में 961 मतदाताओं में से 713 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 74.19 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 8 में 683 मतदाताओं में से 501 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 73.35 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 9 में 1131 मतदाताओं में से 870 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 76.92 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 10 में 969 मतदाताओं में से 688 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 71.00 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 11 में 1066 मतदाताओं में से 895 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 83.96 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 12 में 697 मतदाताओं में से 535 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 76.76 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 13 में 710 मतदाताओं में से 650 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 91.55 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 14 में 1093 मतदाताओं में से 908 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 83.07 प्रतिशत मतदान रहा। कुल 79.67 प्रतिशत मतदान हुआ।

## दर्दनाक हादसे में व्यक्ति की जान गई

**कुरुक्षेत्र।** सोमवार को शाहाबाद अंबाला जीटी रोड पर नौगजा पीर के नजदीक एक दर्दनाक हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल चालक ने हेलमेट पहन रखा था लेकिन इस दुर्घटना में हेलमेट चकनाचूर हो गया और युवक का सिर कुचला गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम व शाहाबाद थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मौके पर पहुंचे एसआई मनोज कुमार ने शरीर के चिथड़ों को एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र पहुंचाया। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से परिजनों को सूचित किया गया। युवक की पहचान उमरी डेरा बाजीगर निवासी जोगिंद्र के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक जोगिंद्र मोटरसाइकिल पर अपने रिश्तेदारी में मिलने के लिए राजपुरा पंजाब गया था। जब वह आज प्रातः वापिस लौट रहा था तो दुर्घटना का शिकार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज करके शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# युवक की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को उम्रकैद

- कोर्ट ने तीनों आरोपियों पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दो साल पहले थाना फर्कपुर क्षेत्र में हुई अमित नाम के युवक की हत्या के मामले में अदालत ने तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपियों पर एक लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला एडिशनल सेशन जज संदीप सिंह की कोर्ट ने सुनाया है।

जानकारी के अनुसार गांव मंडेबर निवासी सुरेश पाल के बेटे अमित कुमार का मर्डर छह नवंबर 2022 को हो गया था। उसका शव फर्कपुर अंडरपास के निकट नाले से बरामद हुआ था। पता लगा तो घटना वाले दिन मौके पर पुलिस के साथ ही अमित का भाई अश्वनी भी पहुंच गया था। आसपास से हुई पूछताछ के बाद पता चला था कि अमित को उसके दोस्त लक्ष्मी गार्डन निवासी राजन यादव, पृथ्वी नगर निवासी मनीष कुमार तथा कृष्णा नगर के बसंत यादव ने मारा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया था। इसके बाद तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर ली। इस मामले में सुनवाई करते हुए एडिशनल सेशन जज संदीप सिंह ने मनीष, बसंत तथा राजन के खिलाफ उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तीनों को उम्र कैद की सजा दी। साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## जिला खनन विभाग ने की कार्रवाई

# अवैध खनन के मामले में दो वाहन किए सीज

- जिला खनन अधिकारी व एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल ने अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए लगाए गए नाकों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला खनन विभाग द्वारा खनन एवं भूविज्ञान विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग व उपायुक्त पार्थ गुप्ता के निर्देशानुसार खनन विभाग यमुनानगर द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाए जाने को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में जिला खनन अधिकारी व उप मंडल अधिकारी (ना) व्यासपुर जसपाल सिंह गिल ने अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए लगाए गए नाकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध खनन मामले में संलिप्त पाए गए दो वाहनों को सीज किया गया।



**यमुनानगर।** व्यासपुर क्षेत्र में लगे नाकों पर कर्मचारियों की टीम के साथ औचक निरीक्षण करते हुए खनन अधिकारी विनय शर्मा व उपमंडल अधिकारी (ना) जसपाल सिंह गिल। फोटो : हरिभूमि

खनन अधिकारी विनय शर्मा ने बताया कि उन्होंने उप मंडल अधिकारी (ना) व्यासपुर जसपाल सिंह गिल के साथ नाकों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान खनन निरीक्षक रोहित सिंह द्वारा अवैध खनिज के परिवहन के संबंध में दो वाहनों को पकड़ कर नियमानुसार सीज किया गया। इस दौरान उनके साथ प्रवर्तन ब्यूरो यमुनानगर से एसआई विजय कुमार व टीम भी उनके साथ मौजूद रही। खनन अधिकारी विनय शर्मा ने बताया कि खनन विभाग द्वारा प्रतिदिन नाकों से रिपोर्ट लेकर सभी संबंधित उप मंडल अधिकारी (ना) को भेजी जा रही है और उनके द्वारा भी टीम के साथ प्रतिदिन नाकों का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला यमुनानगर में महानिदेशक एवं उपायुक्त के निर्देशानुसार पूर्ण रूप से अवैध खनन एवं अवैध खनिज के परिवहन पर अंकुश लगाया जाएगा। हमारी टीमें निरंतर इस दिशा में प्रयासरत है और हम काफी हद तक अवैध खनन पर अंकुश लगाने में सफल रहे हैं।

# डीसी व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी प्रीति ने एसपी राजेश कालिया के साथ सोमवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं परीक्षा के दृष्टिगत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए केंद्रों का दौरा किया और परीक्षा संचालन प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने एक एक कक्षा में जाकर खिड़कियों, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश आदि की व्यवस्था को बारीकी से जांचा। इस दौरान सामान्य खामियां मिलने पर उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षक को उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा में उपस्थित एवं अनुपस्थित विद्यार्थियों की संख्या के बारे में भी जानकारी ली। सोमवार को कक्षा दसवीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी।

- बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : डीसी प्रीति

डीसी प्रीति ने कहा कि जिला प्रशासन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को नकल रहित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। अगर कोई परीक्षार्थी नकल करने तथा अन्य व्यक्ति नकल करवाने में लिप्त पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि परीक्षाओं को नकल रहित करवाने में जिला प्रशासन का साथ दें और अपने बच्चों को भी पूरी तैयारी के साथ अकल से परीक्षा देने की सलाह दें। डीसी ने एसपी राजेश कालिया के साथ परीक्षाओं के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की और जरूरत अनुसार पुलिस स्टाफ की तैनाती बारे विमर्श किया। एसपी राजेश कालिया ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को अलर्ट रहने तथा परीक्षा केंद्र के अंदर व बाहर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए।



**कैथल।** डीसी प्रीति और एसपी राजेश कालिया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा विभाग के अनुसार जिले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा के लिए जिले में 75 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। अगर विद्यार्थियों की बात करें तो जिले में कक्षा दसवीं में 14 हजार 769 तथा बारहवीं कक्षा में 10 हजार 969 विद्यार्थी एंरोल हैं।

### ऑपरेशन स्माइल-छह बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया

**पानीपत।** सनौली रोड में दुकानों पर काम कर रहे 10 से 14 साल की उम्र के छह बच्चों को एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम ने मानव तस्करी विरोधी इकाई के सहयोग से रेसक्यू कर बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया गया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह पानीपत में भेज दिया गया। गौरतलब है कि ये बच्चे गरीबी और मजबूरी के चलते ढाबों और स्वीट शॉप्स पर कम कर रहे थे। इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एस आई संदीप कुमार, एएसआई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल ज्योति चहल और एमडीडी ऑफ़ इंडिया संस्था से अजय चौहान ने भाग लिया। इधर, एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि बाल श्रम एक कानूनन अपराध है और जो कोई भी बच्चों से बाल श्रम करवाता है उसे सजा के साथ जुर्माना भी हो सकता है।

# सड़क हादसे में महिला की मौत व एक युवक घायल

- आटो की टक्कर लगने से बाइक से नीचे गिरी महिला को ट्रैक्टर ट्राली ने कुचला
- पुलिस ने आरोपी आटो चालक व ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के हमीदा मोड़ के नजदीक आटो की टक्कर लगने से नीचे गिरी महिला को ट्रैक्टर ट्राली ने कुचल दिया। इस दौरान महिला की मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया। मौके से आटो चालक व ट्रैक्टर ट्राली चालक फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आटो चालक व ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

शहर की यमुना गली निवासी अर्जुन ने बताया कि उसकी पत्नी गुडडन(36) सोमवार को उसके दोस्त बलिंद्र की बाइक पर बैठकर बैंक में जा रही थी।

इस दौरान रास्ते में हमीदा मोड के नजदीक पीछे से आ रहे आटो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित हो गई और वह दोनों नीचे गिर पड़े। जिसके बाद सामने से आ रही गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली ने गुड्डन को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नीचे गिरने से बलिंद्र घायल हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और अज्ञात आटो चालक व ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

# अमेरिका से डिपोर्ट होते ही पुलिस ने गिरफ्तार किया

- जान लेवा हमले का आरोपी है सक्षम, हुडा सेक्टर 13/17 थाना में दर्ज है केस, पुलिस ने दिल्ली इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम ने गांव गढ़ सरनाई गांव में गत वर्ष 25 जून को बाइक से घर लौट रहे करनाल के हरि सिंहपुरा गांव निवासी शुभम पर पिस्तौल से 15 रौंद फायरिंग करने मामले में फरार चल रहे 10वें आरोपी सक्षम निवासी गांव पूंडरी जिला करनाल को गिरफ्तार किया है।

वारदात के कुछ दिन बाद आरोपी सक्षम अवैध तरिके से अमेरिका भाग गया था। अमेरिका से डिपोर्ट होकर रविवार को वापिस भारत लौटा तो पुलिस ने दिल्ली इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर आरोपी सक्षम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। विगत दिनों पुलिस द्वारा आरोपी के लुक आउट नोटिस भी जारी करवाए गए थे। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी सक्षम ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी सावन निवासी अलुपुर, लक्ष्य, निखिल, मोहित व गौरव निवासी गौंदर, अंकित निवासी भगवानपुर सहारनपुर यूपी, विजय निवासी सगा, आदित्य उर्फ मन्नू निवासी मिर्जापुर सहारनपुर यूपी व विशांत उर्फ काला निवासी सनौली के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। इस मामले में थाना सेक्टर 13/17 में सुमन पत्नी बिजेंद्र निवासी गांव हरिसिंहपुरा जिला करनाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

## पुरानी अनाजमंडी में लगाई क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीन | पांच रुपये का सिक्का डालने पर मिलेगा कपड़े का बैग

# जुलाना कस्बे को पॉलीथीन मुक्त बनाने के लिए नपा ने चलाया अनूठा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

जुलानाकस्बे को पॉलीथीन मुक्त बनाने के लिए नगरपालिका ने हाइटैक तरीका अपनाया है। कस्बे की पुरानी अनाजमंडी में नगरपालिका ने क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीन लगाई है। मशीन में पांच रूपये का सिक्का डालने पर ऑटोमैटिक कपड़े का बैग मशीन से बाहर आएगा। बाजार में खरीदारी के लिए आए ग्राहकों को आसानी से कपड़े का कैरी बैग मिलेगा। जिससे पॉलीथीन के प्रयोग से छुटकारा मिलेगा।

सोमवार को नगर पालिका की सचिव पूजा साहू ने मशीन का रिबन काटकर उद्घाटन किया। सचिव ने लोगों को पांच रुपये का सिक्का डालकर बैग निकाल कर प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन अर्बन इंचार्ज संजीव चहल, पंकज, जीनत पूनिया, राहूल, सागर व अजित सिंह भी मौजूद रहे।




**जींद।** पुरानी अनाजमंडी में मशीन का प्रयोग करने के लिए जागरूक करती नपा सचिव पूजा साहू।

### पॉलीथीन के बैग पर्यावरण के लिए भी हानिकारक

नगर पालिका सचिव पूजा साहू ने बताया कि मशीन लगाने का उद्देश्य लोगों को पॉलीथीन के प्रयोग न करने के लिए जागरूक करना है। पॉलीथीन के बैग मनुष्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक हैं। अगर लोग जागरूक होंगे और कपड़े के कैरी बैग का प्रयोग करते हैं तो और मशीने भी बाजार में लगाई जाएंगी। बाजार में आने वाले लोगों को पॉलीथीन की बजाए कपड़े के बैग का प्रयोग करना चाहिए।

### पॉलीथीन वातावरण और पशुओं के लिए भी हानिकारक

पॉलीथीन वातावरण और पशुओं के लिए भी हानिकारक है। पॉलीथीन गलता भी नही है और जलाने पर वायू प्रदूषण होता है। नालियों में डालने से लोगों को निकासी व्यवस्था की समस्या से भी होकर गुजरना पड़ता है। इसके अलावा कई बार पशु पॉलीथीन को खा जाते हैं जिसकी कीमत पशुओं को जान देकर चुकानी पड़ती है।

### साढ़े 14 हजार रुपये की कीमत से लगाई गई मशीन

स्वच्छ भारत मिशन अर्बन इंचार्ज संजीव चहल ने बताया कि पुरानी अनाज मंडी में साढ़े 14 हजार रुपये की लागत से क्लॉथ बैग वेंडिग मशीन लगाई गई है। मशीन को स्वच्छ भारत मिशन द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लगाया गया है। अगर लोग पॉलीथीन को छोड़कर कपड़े के बैग को प्रयोग करने के लिए जागरूक होते हैं तो बाजार में और भी मशीने लगाई जाएंगी। मशीन में बैग रखने का काम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया जाएगा। मशीन में जो राशि एकत्रित होगी उसे भी स्वंय सहायता समहू की महिलाओं को दिया जाएगा। मार्केट में कैरी बैग की कीमत 10 रुपये है तो भरपाई के रूप में कुछ अंशदान विभाग द्वारा दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### खालसा कॉलेज ने वॉल पेंटिंग में पाया दूसरा स्थान

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के छात्र-छात्राओं ने नगर निगम करनाल द्वारा आयोजित वॉल पेंटिंग (दीवार पर चित्रकारी) प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कालेज की प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण एवं करनाल के सौन्दर्यकरण हेतु कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज की दीवार पर आयोजित वॉल पेंटिंग में दूसरा पुरस्कार जीत कालेज का नाम रोशन किया है। प्राचार्या ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य भर से अनेक विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया।




### राजकीय कालेज निगदू में मनाया महिला दिवस

**करनाल।** राजकीय महाविद्यालय निगदू में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सी जे एम करनाल डॉ इरम हसन पहुंची। कालेज के कार्यकारी प्राचार्य रमेश सिंह अहलावत द्वारा मुख्यतिथि का स्वागत किया गया ।मुख्यातिथि डॉ इरम हसन द्वारा पोक्सो एक्ट 2013 पर विस्तार से व्याख्यान दिया । इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया। भाषण प्रतियोगिता में क्षमा शर्मा प्रथम, रितिक द्वितीय तथा किरण ने तृतीय स्थान पाया। नारा लेखन में निशा प्रथम, पूजा द्वितीय तथा रेखा तृतीय स्थान पर रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में रेखा प्रथम, क्षमा शर्मा द्वितीय, तथा तनु ने तृतीय स्थान पाया।



### अवैध खनन से जुड़े चार वाहनों को किया सीज

**करनाल।** अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए है और अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। प्रशासन का प्रयास है कि जिला में अवैध खनन करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस संबंध में खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार गत दिवस खनन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम में शामिल एसआई जितेंद्र, एसआई राजेंद्र, एएसआई देवेंद्र, एएसआई रोशन लाल और एएसआई संदीप द्वारा गांव कुंडा कलां के यमुना क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रेत की अवैध माइनिंग करते हुए चार वाहनों को पकड़ा।

# नगर निगम चुनाव में कहीं मशीन का बटन नहीं चला तो कहीं कोई डाल गया दूसरे का वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल





हरियाणा के करनाल नगर निगम चुनाव के लिए वोटिंग शांति पूर्वक समाप्त हो गई है। वोटिंग सुबह 8 बजे से शुरू हुई, जो शाम 6 बजे तक चली। अब सभी उम्मीदवारों को 12 मार्च को आने वाले नतीजों का इंतजार है। शहर में शाम 6 बजे तक 42.6 प्रतिशत मतदान हुआ है।

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने डाला वोट

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रेम नगर स्थित बूथ नंबर 239 पर मतदान किया। उन्होंने कहा कि मेरा वोट एक खुशहाल करनाल के लिए है। जनता अपने पंसद का उम्मीदवार चुनेगी।

### कांग्रेस समर्थित वोटरों को मतदान करने से रोका

कांग्रेस मेयर उम्मीदवार मनोज वधवा की पत्नी आशा वधवा ने कहा कि कांग्रेस समर्थित वोटरों को मतदान करने से रोका गया। कई जगहों पर वोटर लिस्ट में मतदाताओं के नाम ही गायब कर दिए गए हैं। इस संबंध में उन्होंने जिला सचिवालय पहुंचकर एडीसी एवं निर्वाचन अधिकारी यश जालुका से शिकायत की। कांग्रेस का आरोप है कि यह छेड़छाड़ केवल एक बूथ तक सीमित नहीं है। अगर हर बूथ से 50 वोटर भी बाहर कर दिए गए हैं, तो 20 वार्डों में हजारों मतदाता मतदान से वंचित हो गए होंगे। वधवा ने बताया कि इस पर एडीसी ने भी माना कि यह गलती विभाग की तरफ से हुई है। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी का कहना है कि यह गलती नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई साजिश है, ताकि कांग्रेस के वोटरों को वोट डालने से रोका जा सके। वहीं वार्ड के ही एक मतदाता लक्ष्मण सिंह ने आरोप लगाया कि उसकी वोटर लिस्ट पर्ची में बीजेपी के युवक की फोटो लगी हुई है और उसका नाम भी लक्ष्मण सिंह है। पीड़ित ने चुनाव आयोग में शिकायत करने की बात कही है। कांग्रेस का आरोप है कि यह छेड़छाड़ केवल एक बूथ तक सीमित नहीं है। अगर हर बूथ से 50 वोटर भी बाहर कर दिए गए हैं, तो 20 वार्डों में हजारों मतदाता मतदान से वंचित हो गए होंगे। करनाल नगर निगम मेयर पद के लिए 4 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं 20 वार्डों में 70 पार्षद उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। 20 वार्डों के लिए कुल 265 पोलिंग बूथ बनाए गए थे, जिनमें से 14 को संवेदनशील और 24 को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया। इन बूथों पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए। शिकायत देने पहुंचीं, लेकिन एडीसी गायब आशा वधवा का आरोप है कि जब वह एडीसी को शिकायत देने पहुंचीं, तो उन्होंने लिस्ट की कमियों को स्वीकार भी किया और कार्रवाई का भरोसा भी दिया। लेकिन जब लिखित शिकायत की रिसीविंग देने की बारी आई, तो एडीसी वहां से चले गए।

#### वार्ड नंबर बदलने के कारण वोटर परेशान

वहीं वार्ड नंबर बदलने के कारण वोटर परेशान होते रहे। उन्होंने कहा कि कोई कर्मचारी नहीं बता रहा है कि कहां वोट करना है। जिसके चलते परेशान होते रहे और समय पर वोट नहीं डाल पाए।

#### वोट किसी का डाल गया कोई

इसके अलावा वार्ड नंबर-18 में वोट डालने आए व्यक्ति और एक महिला ने कहा कि उनका वोट पहले ही कोई अन्य व्यक्ति डाल कर चला गया है। जिसके चलते उन्हें वोट नहीं डालने दिया।

#### कांग्रेस मेयर उम्मीदवार बोले-बीजेपी गुंडागर्दी कर रही

कांग्रेस मेयर उम्मीदवार मनोज वधवा ने मतदान के बाद भाजपा पर गुंडागर्दी करने के आरोप लगाए हैं। वधवा ने कहा कि हमारे टेंट हटवाकर भाजपा अपने बस्ते लगाने का काम कर रही है।उन्होंने कहा कि वार्ड-2 में खुद गया और आर्य पब्लिक स्कूल से भी कॉल आया कि मतदान के बाद स्याही का निशान नहीं लगाया गया। बूथ-8 में ईवीएम मशीन को बंद कर दिया गया। शासन और प्रशासन गुंडागर्दी पर उतरा हुआ है।

#### ईवीएम में खराबी के कारण हंगामा

करनाल के वार्ड-2 में ईवीएम मशीन में तकनीकी खराबी के कारण हंगामा हो गया। कांग्रेस प्रत्याशी के प्रतिनिधि विकास पांचाल ने आरोप लगाया कि सुबह से ईवीएम का बटन काम नहीं कर रहा था। न तो समय पर उसे कोई ठीक करने आया और न ही पोलिंग रोकी गई। विकास पांचाल ने भी बीजेपी व प्रशासन पर साठगांठ का आरोप लगाया। हालांकि निर्वाचन आयोग के अधिकारियों का कहना है कि मशीन में खराबी आई थी, लेकिन उसको 10 मिनट बाद ही ठीक कर दिया गया था। इस बात को ज्यादा बड़ा ईशू न बना।

## भारत की पहचान एक शक्तिशाली लोकतंत्र के रूप में - मोहन लाल बडौली

# तानाशाही परंपराओं ने लोगों के अधिकारों का किया हनन

- जनता की सहभागिता से मजबूत होगा लोकतंत्र : प्रोफेसर रामपाल सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल






डीएवी पीजी कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान विभाग की ओर से दक्षिण एशिया में लोकतंत्र की बदलती रूपरेखा विषय पर आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार का शुभारंभ विधिवत रूप से सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने शिरकत की। मुख्य अतिथि मोहन लाल कौशिक ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे शक्तिशाली और मजबूत लोकतंत्र है। जिसके तहत भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मानवतावादी राष्ट्र के रूप में स्थापित की है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए कार्य करना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिसके लिए जन-जन को जागरूक करना होगा ताकि सबकी भागीदारी लोकतंत्र में सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि बीजेपी के आंतरिक संगठन में भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चयन किया जाता है। और उनका उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचा कर उसे समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। कौशिक ने एक देश एक चुनाव प्रक्रिया को लोकतंत्र और देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा इससे देश मजबूत होगा। उद्घाटन भाषण में आईजीएन कॉलेज लाडवा के प्राचार्य डॉ कुशलपाल ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनावी प्रक्रिया नहीं है बल्कि समाज को उभारने और लोगों को स्वस्थ , विकसित, सुरक्षित और आर्थिक रूप से प्रभावी बनाने का उद्देश्य है। मुख्य वक्ता डॉ उर्मिल वत्स ने लोकतंत्र की सुखद बहाली के लिए अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के तुरंत समाधान को महत्वपूर्ण बताया उन्होंने कहा कि तानाशाही परम्पराओं ने लोगों के अधिकारों का हनन किया है। उन्होंने दुसरे विश्व युद्ध, शार्क देशों, संयुक्त राष्ट्र संघ, मुम्बई सीरियल ब्लास्ट, उड़ीं हमला, पुलवामा अटैक जैसे हमलों को मानवतावाद के विरुद्ध बताया जो लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि मानवतावाद को बढ़ावा देना ही लोकतंत्र का उद्देश्य है विशेष अतिथि के रुप में करनाल की निर्वतमान मेयर रेणु बाला ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए इस प्रकार की संगोष्ठी लगातार होती रहनी चाहिए ताकि देश में लोकतंत्र को मजबूती मिले।रिसोर्स पर्सन के रूप में भुमिका निभाते हुए जॉन तेलेस्फोर महगामा तंजानिया ने मिडिया को लोगों को जागरूक करने का मजबूत साधन बताया। अफगानिस्तान के शोधार्थी मुहम्मद नदीम ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए नागरिक शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि अफगानिस्तान में आज भी महिला शिक्षा अनिवार्य रूप में लागू नहीं है तो फिर कैसे लोकतंत्र की मजबूती की बात कही जा सकती है। प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी।

#### मुख्यअतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत

कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप मे दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की प्रवक्ता डॉ उर्मिल वत्स को आमंत्रित किया गया । संगोष्ठी मे पंहुचने पर सभी अतिथियों का कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी, संगोष्ठी के संयोजक डॉ बलराम शर्मा ने पुष्प के पौधे देकर स्वागत किया ।प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा दक्षिण एशियाई देशों ने प्रतिनिधित्व के अलग-अलग रास्ते अख्तियार किए हैं। लेकिन भारत इसमें सबसे बड़ा लोकतांत्रिक गणराज्य बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि आज भी दक्षिण एशियाई देशों में अल्पसंख्यकों के अधिकार, लोकतांत्रिक संस्थाओं में राजनीतिक दलों की दखलंदाजी, धार्मिक कट्टरवाद, चुनावी प्रक्रिया में अनियमितता, आर्थिक असमानता, भ्रष्टाचार लोकतंत्र बहाली में खतरा है।




## भाजपा प्रत्याशियों की एक तरफा जीत को देखते हुए हुआ कम मतदान-बृज गुप्ता

- नगर निगम चुनाव में होगी रिकॉर्ड तोड जीत : भारत भूषण जुआल
- भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं का किया गया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

नगर निगम चुनाव के निर्विघ्न समापन एवं दिन रात पार्टी के लिए काम करने वाले कर्मठ कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करने के लिए भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया ।

इस बैठक में कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता के अतिरिक्त जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल,मेयर प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, उपाध्यक्ष ईलम सिंह,जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार, कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा,शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी,अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना,कुंजपुरा मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान एवं सुभाष कश्यप सहित अन्य वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने चुनावों में अथक कार्य करने के लिए चुनावों में कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए उनका धन्यवाद किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान निगम चुनाव में कम वोटिंग के बारे में बताया कि चुनावों में सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं करनाल की जनता सभी भाजपा की जीत के प्रति आश्वस्त थे और एक तरफा चुनाव को देखते हुए इसलिए लोग घरों से कम निकले जिससे मतदान का प्रतिशत कम रहा। उन्होंने इस मौके पर कार्यकर्ताओं के साथ साथ व्यवस्थित तरीके से शांति पूर्वक चुनाव करवाने के लिए प्रशासन का धन्यवाद भी किया। जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने भी निर्विघ्न चुनाव के लिए प्रशासन का धन्यवाद किया।

### रिटायर्ड कर्मचारियों ने मांगों को लेकर की बैठक



इंद्री। मटक पंचायत घर में मीटिंग करते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य ।

**इंद्री।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ इंद्री की मीटिंग मटक माजरी स्थित पंचायत घर में जिला सचिव ओमप्रकाश सिंहमार की अध्यक्षता तथा खंड प्रधान बलवान सिंह की देखरेख में हुई। मीटिंग में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए जिला उप प्रधान किरण सिंह काम्बोज ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं और सरकार से बातचीत कर रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों की मांगों को लेकर सरकार की तरफ से कोई सार्थक प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से मांगी पूरी करवाने के लिए 11 मार्च को राज्य कमेटी की ओर से कुरुक्षेत्र उपायुक्त कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। जिसमें प्रदेश भर के सेवानिवृत्ति कर्मचारी भाग लेंगे। डॉ. पृथ्वी राज ने कहा कि सेवानिवृत्ति कर्मचारी 65 वर्ष की आयु पर पांच प्रतिशत, 70 वर्ष की आयु पर 10त्न तथा 75 वर्ष की आयु पर 15त्न डीए और कैशलेस मेडिकल सुविधा आदि मांगों के लिए लम्बे समय से संघर्षरत है। मीटिंग में प्रेम खेड़ा, मास्टर धर्मराज गाँधी, ओमप्रकाश वर्मा, धर्मबीर नन्हेडा, राजपाल आर्य, रविदत्त आर्य, रगबीर सिंह, महाबीर, दर्शन लाल, अमरसिंह, रोशन लाल, शेर सिंह व विजय काम्बोज आदि मौजूद रहें ।

# डीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

- परीक्षा केंद्रों में हों सुरक्षा के सभी इंतजाम, बाहरी व्यक्ति के परीक्षा केंद्र में प्रवेश पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल




डीसी उत्तम सिंह ने जिला में चल रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं, 12वीं, हरियाणा ओपन स्कूल और जेबीटी (कम्पार्टमेंट) परीक्षाओं को नकल विहीन आयोजित करवाने के उद्देश्य से सोमवार को विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। इनमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर, जुंडला और काछवा के राजकीय स्कूल शामिल रहे। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं जिला में सफल तरीके से आयोजित हों इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है तथा सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की सख्ती से अनुपालना की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिला के पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया भी मौजूद रहे।डीसी ने निरीक्षण के दौरान मौजूद केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा केंद्रों को नकल रहित बनाने के लिए सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दें तथा परीक्षा देने आ रहे परीक्षार्थियों की चेकिंग सुनिश्चित करें। उनके पास किसी भी प्रकार की नकल सामग्री नहीं होनी चाहिए।



इंद्री। खाटू श्याम परिवार इंद्री की ओर से आयोजित श्याम फाल्गुन महोत्सव मे उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन

**इंद्री।** इंद्री मे 5वें श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन रामलीला ग्राउंड इंद्री में किया गया । जिसमें श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा । इस मौके पर काफी संख्या मे श्रद्धालु पुरुष, महिलाऐं व बच्चे मौजूद रहें । महोत्सव में भजन गायक परविंद्र पलक व सोनू सिंगला ने भजनों के द्वारा श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया । भजनों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु झुमने लगे । । इस मौके पर एक अमृतमय भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमे काफी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया । इस बारे में जानकारी देते हुए खाटू श्याम परिवार इंद्री के सदस्य सुरेश सिंगला, सुमित जिंदल, देवेंद्र सहगल, पवन कुमार, वासु गोयल व राजेंद्र कुमार आदि ने बताया कि रामलीला ग्राउंड में पांचवा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में खाटू श्याम परिवार इंद्री के सदस्यों का योगदान रहा।

# 20 मार्च को मंडी आढ़ती एसोसिएशन तरावड़ी का प्रधान पद पर होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी



अनाज मंडी में आढ़ती संगठन के आगामी 2 वर्ष के लिए अध्यक्ष पद के चुनाव की जारी प्रक्रिया के तहत कार्यकारी अध्यक्ष रमेश गुप्ता द्वारा आज मंडी में बुलाई गई। बैठक में विचार विमर्श के बाद अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति नहीं बन पाने के कारण चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। मंडी प्रधान बनाने के लिये सोमवार दुबारा आढ़तियों की बैठक बुलाई गई थी लेकिन आज भी प्रधान पद के लिये कोई सहमति नही बन पाई। बता दे कि मंडी का प्रधान बनाने के लिये 25 फरवरी को भी एक बैठक बुलाई गई थी उसमे मंडी प्रधान के लिये सहमति नही बन पाई थी। जिसमे 18 लोगों के प्रधान पद के नाम आये थे। कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने 3 मार्च को पुनः बैठक बुलाई थी।

चावल एक्सपोर्टर एवं कार्यकारी मंडी अध्यक्ष रमेश गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु 8 मार्च तक नामांकन किया जाएगा। वहीं जिस आढ़ती ने अपना नाम वापस लेना हो वह 10 मार्च तक नाम वापस ले सकता है और 12 मार्च को चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह दिए जाएंगे एवं 20 मार्च को मतदान होगा। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए जो नियम एवं शर्तें बनाई गई है वह इस प्रकार हैं। 21 हजार रुपए सिक्योरिटी जमा करवानी होगी तथा मार्केट कमेटी का 5 वर्ष पुराना व 31 मार्च 25 तक वैध लाइसेंस होना चाहिए।

**एक्सपो-2025** एमएचयू करनाल को मिला राष्ट्रीय डेयरी मेला एवं एग्री एक्सपो 2025 में प्रथम पुरस्कार

# एमएचयू के वैज्ञानिक नवीनतम तकनीकों को किसान भाइयों तक पहुंचाने के लिए कर रहे हर संभव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल में राष्ट्रीय डेयरी मेला एवं एग्री एक्सपो 2025 का आयोजन किया गया। मेले में आयोजित प्रदर्शनी में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा एक स्टॉल का प्रदर्शन किया गया, जिसे प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बता दे कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय डेयरी मेला एवं एग्री एक्सपो के समापन अवसर पर एमएचयू के माननीय कुलपति प्रो. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने शिरकत की। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के माननीय कुलपति प्रो. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने विस्तार शिक्षा निदेशालय को बधाई देते हुए कहा कि ये एमएचयू के लिए बड़े गर्व की बात है कि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक नवीनतम तकनीकों को किसान भाईयों तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे है। जिसका सीधा लाभ किसान भाईयों को मिलने लगा है। माननीय कुलपति ने कहा कि एमएचयू की स्थापना इसी उदेश्य के लिए की गई कि नई-नई जानकारी किसानों तक पहुंचे, जिससे किसान पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से आर्थिक उन्नति की ओर बढ़े, खेती किसानी किसानों के लिए लाभप्रद हो। उन्होंने कहा कि एमएचयू इसी दिशा में काम कर रहा है, किसान प्राकृतिक संसाधनों का सही प्रकार से प्रयोग करे। शिक्षा विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ विजय पाल यादव ने बताया कि मेले में स्टॉल के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा दी गई तकनीकों जैसे फल एवम सब्जी फसलों में ड्रोन तकनीक का महत्व दर्शाया गया। स्टॉल में एमएचयू के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल की ओर से मशरूम की विभिन्न प्रजातियों, सब्जियों व फलों में कीट पंतगों को प्रदर्शित करने,मधुमक्खी पालन कैसे करें, विद्यार्थियों द्वारा तैयार फल व सब्जियों के प्रंसस्करण उत्पाद आदि को प्रदर्शित किया गया।

#### मिला सम्मान

राष्ट्रीय डेयरी मेला एवं एग्री एक्सपो 2025 में विभिन्न सैकड़ों स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें एमएचयू को द्वारा प्रदर्शित स्टॉल की सभी ने काफी सराहना की ओर स्टॉल पर हर दिन तकनीकी जानकारी लेने के लिए किसानों की भीड़ लगी रही। मेले के समापन पर निर्णायक मंडल द्वारा एमएचयू के स्टॉल को प्रथम स्थान के लिए चुना गया। कार्यक्रम समापन पर मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के कुलपति प्रो सुरेश कुमार मल्होत्रा एव एनडीआरआर निदेशक डा धीर सिंह ने एमएचयू के स्टॉल को प्रथम आने पर डा गौरव, डॉ विजय को सर्टिफिकेट व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने आठ बागियों को पार्टी से निकाला

**पानीपत।** भाजपा ने नगर निगम चुनावों के बीच अपने आठ बागियों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। पार्टी से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे आठ पार्षद उम्मीदवारों पर यह कार्रवाही की गई है। इन पर छह साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### पुलिस ने जांचें परीक्षा केंद्र

**पानीपत।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं व बाहरवीं की चल रही वार्षिक परिक्षाओं को नकल मुक्त बनाने के लिए सरकार ने पूरी तरह से कमर कस ली है। जिसके तहत संबंधित थाना-चौकियों के प्रभारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि क्षेत्र में नकल का मामला सामने आएग उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

### रिकार्ड मतों से जीतेगी कोमल

**पानीपत।** नगर निगम वार्ड छह की देशराज कॉलोनी में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने भाजपा प्रत्याशी कोमल पांचाल के पक्ष में आयोजित सभाओं में भारी मतों से उसे जीतने की अपील की। इस अवसर पर प्रवीण शर्मा, राजू हरिजन, अशोक बंसल, सतबीर पांचाल, सन्नी चौहान, प्रवीण शर्मा, प्रदीप उपाध्याय, बिजेंद्र पांचाल, तरुण पुनानी समेत बडी संख्या में वार्ड निवासी उपस्थित रहे।

### स्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ

**समालखा।** समालखा में सोमवार को रेलवे रोड पर लगी तिरंगा लाइट का समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना की धर्मपत्नी परमजीत भड़ाना ने नारियल फोडक़र उद्घाटन किया।

### दीपिका, वैशाली, अंजलि प्रथम

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा तृतीय वर्ष में एड मैड शो मेरा प्रोडक्ट मेरा फंडा का आयोजन किया गया। प्रचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को इस तरह के प्रोग्राम में भागीदारी लेने के लिए प्रेरणा दी। प्रतियोगिता में दीपिका, वैशाली व अंजलि ने प्रथम, द्वितीय स्थान पर स्वीटी, दीपका, प्रिया और चंचल रही जबकि तृतीय स्थान पर निक्की और स्मृति रही।

### समाधान कैंप में आई 76 समस्याएं

**पानीपत।** जिला सचिवालय में सोमवार को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि सभी अधिकारियों को आत्म विश्वास के साथ लोगो की समस्याओं का समाधान करना चाहिये। हर अधिकारी चेतना और ऊर्जा से भरपूर है वह इस दिशा में कार्य करके अच्छी दिशा दे सकता है। वहीं शिविर में 76 समस्याएं आई, जिनके निराकरण को लिए संबंधी विभाग आदेश दिए गए है।

### सम्पत्ति कर की त्रुटियां खत्म होंगी

**पानीपत।** नगर निगम ने आम नागरिकों को हाऊस टैक्स में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए पहल की है। जिसके तहत कोई भी आम नागरिक अपनी प्रोपर्टी आईडी को सेल्फ सर्टीफाईड करवाकर उसकी त्रुटियां दूर करवा सकेगा। चौधरी ने सभी नगरवासियों से अनुरोध करते हुए अपील कि सभी नागरिक बढ़-चढ़ कर अपनी प्रोपर्टी आईडी को सैल्फ सर्टिफाईड करवाएं।

### उद्यमियों का भाजपा को समर्थन

**पानीपत।** ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने इंडस्ट्रियल एरिया में उद्योगपतियों की बैठक बुलाकर भाजपा मेयर पद की प्रत्याशी कोमल सैनी ,वार्ड 20 से पार्षद पद के प्रत्याशी तरुण गांधी व वार्ड न. 23 से प्रत्याशी अनिल मदान को समर्थन देने का ऐलान किया है। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान सुनील तुली, सुभाष अनेजा, मुकेश बॉस, पानीपत चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विनोद धमीजा आदि उपस्थित रहे।

## पानीपत बार के पदाधिकारियों ने पद की शपथ ली

# बार के प्रधान ने जीत के तीसरे दिन वकीलों के हित में लिए फैसले



पानीपत। पानीपत के बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र दूहन का स्वागत करते हुए साथी अधिवक्तागण। फोटो : हरिभूमि

- वयोवृद्ध अधिवक्ता विजय ने दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित गर्वनिंग बॉडी का सोमवार को बार के सभागार में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। वहीं वयोवृद्ध अधिवक्ता विजय मनुजा ने बार के नवनियुक्त अध्यक्ष्ज्ञ सुरेंद्र दूहन, उपाध्यक्ष आसिमा कौशिक, सह सचिव यमन बठला, सचिव संदीप शांडिल्य व दीपक मुदगिल को पद की शपथ दिलवाई। वहीं, शपथ ग्रहण समारोह में बार के अधिकांश वकील मौजूद रहे।

**बार ने ये प्रस्ताव पास किए :** पानीपत बार के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र दूहन ने बताया कि बार की सर्वसम्मित से ये प्रस्ताव पास किए गए है। जिसमें पानीपत बार में छह माह पुरानी मेंबरशिप वाले एडवोकेट को ही वोट का अधिकार होगा। मेंबरशिप फीस 600 से 1200 रुपये कर दी गई। लाइब्रेरी के किताबों को एक माह से ज्यादा समय के लिए वकील अपने पास नहीं रख पाएंगे। 30 दिन के भीतर जमा करवानी होगी। ना करवाने वाले वकील पर एक हजार रुपये जुर्माना लगेगा। जुर्माना और बुक्स नहीं देने वाले अधिवक्ताओं का बार के चुनाव में वोट का अधिकार समाप्त किया जाएगा। नए चैंबर अलॉटमेंट में उन्हीं वकीलों को शामिल किया नहीं किया जाएगा, जिनके बाद पहले से चैंबर है। रि-अलॉटमेंट वाले वकीलों को भी इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। नए वकील मेंबरशिप फीस सालभर एडवांस देंगे, तो उन्हें 100 रुपये की छूट दी जाएगी। वो ही एडवोकेट वोट दे पाएंगे, 5 वकालतनामे होंगे या 3 ऑर्डर में नाम शामिल होगा। आरओ को फुल हाउस मीटिंग में शामिल किया जाएगा।

# आर्य कालेज की छात्राओं ने जीती राज्य स्तरीय ओवर ऑल ट्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी।

करनाल के दयाल सिंह कॉलेज के जीव विज्ञान संगठन व प्रकृति दी इको क्लब द्वारा विज्ञान 31वीं दीवान आंनद कुमार मैमोरियल राज्य स्तरीय प्रश्नोतरी व पोस्टर मेकिंग प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। जिसमें पर्यावरण संबधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज की प्राणी शास्त्र विभाग की किटटू शर्मा व बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष की सुनीता अव्वल रही। पर्यावरण संरक्षण विषय पर बनाए पोस्टर में कॉलेज के प्रथम वर्ष की छात्रा आशु ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा तृतीय वर्ष की सानिया बानो प्रमोट संशेबलिटी विषय पर बनाई गई पोस्टर प्रतियोगिता की प्रतिभागी रही। इन छात्राओं ने आर्य कॉलेज के लिए राज्य स्तरीय ओवर ऑल ट्रॉफी जीत कर प्राणी शास्त्र विभाग का नाम रोशन किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला व प्राचार्य डॉ.जगदीश ने सभी विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज में पंहुचने पर स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामन की।

### माफी ने कांस्य पदक जीता

वहीं कॉलेज की बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा माफी ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वूशु चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। प्रचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व प्राध्यापकों ने माफी का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत कर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## काली सिंह बाबा धाम पर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



पानीपत। श्रीमदभागवत कथा के शुभारंभ को कलय यात्रा निकालते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** पानीपत के गांव जलालपुर प्रथम गांव के प्राचीन काली सिंह बाबा धाम पर भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा काली सिंह बाबा मन्दिर परिसर से शुरू हुई और दादा खेडा, कुटिया मन्दिर, शिवमन्दिर, भगवान परशुराम मन्दिर से होते हुए वापस बाबा के मंदिर में विराम हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक स्वामी चित्पूर्णानंद सस्वती ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। इस अवसर पर रोहतास भगत राई वाले, समाजसेवी नवीन रावल, राजू रावल, सोनू रावल, तेजपाल आदि मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही भाजपा



पानीपत। भाजपा की मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी संबोधन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम पानीपत की मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने सोमवार को शहर के विभिन्न वार्डों में संबंधित क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी को साथ लेकर डोर टू डोर प्रचार किया। इसी कड़ी वाइस नंबर चार के प्रकाश नगर में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया सभा की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया ने की। अपने तूफानी चुनाव प्रचार अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। भाजपा की सरकार में हरियाणा भी अपना योगदान दे रहा है। प्रदेश में नगर निकायों के लिए मतदान प्रक्रिया चल रही है। पानीपत में नौ मार्च को नगर निगम मेयर और पार्षद पद के लिए मतदान होना है। देश और प्रदेश के साथ-साथ शहर में भी विकास कार्यों को गति देने के लिए शहर में भी भाजपा सरकार को लाना जरूरी है। इसलिए नौ मार्च रविवार को मतदान केंद्र पर जाकर ईवीएम में कमल के सामने वाला बटन दबाकर नगर निगम की कमान भाजपा को दें। मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी के साथ भाजपा वार्ड चार के प्रत्याशी पुष्प राज पंकज ने भी कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है।

# समावेशी कार्य स्थल से बढ़ती है रचनात्मकता : त्रिपाठी

- पाइट में एचआर कॉन्क्लेव, एयर इंडिया के चीफ एडवाइजर ने समावेशी कार्यस्थल का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। पाइट के अध्यक्ष हरिओम तायल, अथितियों का स्वागत करते हुए।

पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) के मैनेजमेंट स्टडीज विभाग ने एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस वर्ष के सम्मेलन की थीम समावेशी भविष्य का निर्माण रही। पैनल चर्चा में एयर इंडिया से चीफ एडवाइजर सुरेश दत्त त्रिपाठी, एसआरएफ लिमिटेड से पंकज कौशिक, स्टेटक्राफ्ट से सीएचआरओ स्निग्धा नौटियाल एव प्रो. सुरेश बेदी शामिल रहे। चर्चा का संचालन एवं अध्यक्षता प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने किया। विविधता, समानता और समावेशन के महत्व, नेतृत्व संबंधी चुनौतियों और मानव संसाधन कार्यों में तकनीकी प्रगति के प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। सुरेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि समावेशी कार्यस्थल वह होता है, जहां पर सभी को समान अवसर मिलते हैं। कर्मचारी का सम्मान किया जाता है। जहां इस तरह का माहौल होता है वहां पर रचनात्मकता बढ़ती है। उत्पादन क्षमता और स्किल में वृद्धि होती है। इससे कंपनी की ग्रोथ होती है। नेतृत्व में बराबरी के अवसर और पारदर्शी व्यवस्था से सभी प्रसन्न रहते हैं। प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एचआर कॉन्क्लेव के साथ ही स्टूडेंट लेड मीट का भी आयोजन हुआ। 15 से अधिक कॉलेजों के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। पाइट के निदेशक प्रो.डॉ. शक्ति कुमार ने समावेशिता और विविधता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। छात्र समन्वयक अंशिका और रघु राज को उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और योजनाबद्ध आयोजन के लिए विशेष रूप से सराहा गया। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल एवं बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, मंजू बाला, डॉ. नविता और डॉ. प्रीति भी मौजूद रहीं।

# पौधे रोप कर मनाया विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस

- हमारा उद्देश्य वन्य जीवों और लोगो की सुरक्षा के लिए पौधे लगाकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना : ग्रीनमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। राजकीय कॉलेज में पौधे रोपते हुए ग्रीन मैन प्रो दलजीत व उनके सहयोगी और विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस के अवसर पर ऑक्सीजन बाग में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए इको क्लब के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. दलजीत सिंह के मार्गदर्शन में और इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इको क्लब प्रभारी ने बताया कि तीन मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस वन्यजीवों की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। वहीं, इस वर्ष विश्व वन्यजीव दिवस थीम लोगों और ग्रह में निवेश थीम के तहत मनाया जा रहा ताकि वन्यजीवो को इस ग्रह में लोगों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए सुरक्षित किया जा सके। ग्रीनमैन कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य वन्य जीवों और लोगो की सुरक्षा के लिए पौधे लगाकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है। वहीं सोमवार को 11 इलाहाबादी प्रजाति के अमरूद के पौधे ऑक्सीजन बाग में प्रोफेसर रितु नेहरा, प्रोफेसर पूजा रानी, डॉ तकदीर सिंह, डॉ. ज्योति, वीरेंद्र, रविन्द्र, रचना, दीक्षा, अनिल माली सहित इको क्लब के विद्यार्थियों के सहयोग से रोपित किए गए।

## गोभक्तों को सम्मानित किया

**पानीपत।** गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए हरिद्वार से उज्जैन महाकाल मंदिर तक 51 लीटर शुद्ध जल के साथ प्रारंभ की गई 1100 किलोमीटर की पवित्र कांवड़ यात्रा जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है को सम्पूर्ण कर वापस लौटने पर सोमवार को कांवड़ यात्रा टीम का काली सिंह बाबा धाम पर, ट्रस्ट व शिव गोशाला समिति जलालपुर प्रथम और विनोद चेयरमैन जलालपुर की तरफ से भव्य स्वागत किया गया। कांवड़ टीम में शामिल गोभक्त कमल आर्य और गुरु सुमित त्यागी जी महाराज और सिंगर हेस टेग पंड़ित जी का यहां पहुंचने पर फूल मालाओं से पत्र देकर स्वागत व सम्मान किया गया।



पानीपत। पानीपत के पुलिस कप्तान लोकेंद्र सिंह संबोधन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## हिट एंड रन योजना पर गंभीर हो अस्पताल संचालक : एसपी सिंह

**पानीपत।** जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में केंद्र व राज्य सरकार की विकटम ऑफ हिट एंड रन मोटर एक्सीडेंट स्कीम के बेहतर तरीके से लागू करवाने को लेकर पुलिस विभाग व जिले के विभिन्न अस्पतालों के संचालकों की बैठक हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक ने उन अस्पताल संचालकों को नोटिस भेजने के निर्देश दिए, जो संचालक न तो मीटिंगो का हिस्सा बन रहे न ही सरकार की इस योजना को तरतीब से लागू कर रहे। एसपी सिंह ने कहा कि यह योजना उन लोगों के जीवन से जुड़ी योजना है जिसमें दुर्घटना के बाद उनकी जान को पुलिस व अस्पताल कैसे बचा सकते है। इस पर हमें गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जो अस्पताल पैंनल पर है उन्होंने भी इस योजना को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई है। कुछ अस्पताल ऐसे भी चिन्हित किये है जिन्होंने योजना को लागू करने को कार्य तो शुरू किया है लेकिन उसे पूर्ण नहीं किया। उन्होंने कहा कि कई ऐसे अस्पताल भी है जिन्होंने अभी तक कार्य भी प्रांरभ नहीं किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे व्हाटसप ग्रुप बनाकर इस योजना की गाइड लाइन को किस तरह से साझा करें व किस तरह से इस योजना का लाभ दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को मिल सकता है स्वयं जाने व इसका प्रचार करें।

## एसडी कॉलेज में राष्ट्र संत स्वामी गोविंद देव का हुआ शुभागमन

# समाज, प्रकृति व परिवार का ईश्वर से संतुलन ही धर्म है: स्वामी गिरि

- स्वामीजी ने रुद्राक्ष का एक पौधा भी कॉलेज प्रांगण में रोपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज में राष्ट्र संत स्वामी श्री गोविंद देव गिरि का स्वागत करते हुए एसडी एजुकेशन सोसाइटी के पदाधिकारीगण।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में राष्ट्र संत स्वामी श्री गोविंददेव गिरि महाराज का शुभागमन हुआ और उनके आशीर्वचन से कॉलेज सभागार में मौजूद सभी दर्शक भाव-विभोर हो गए। स्वामी श्री गोविंद देव गिरि वर्तमान में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या के कोषाध्यक्ष है। वहीं, कॉलेज प्रांगण में स्वामीजी का स्वागत अनूप कुमार प्रधान एसडी एजुकेशन सोसाइटी, नरेश गोयल सचिव,श्रवण कुमार जॉइंट सेक्रेटरी, सतीश चंद्रा चेयरमैन एसडी वीएम हुडा, पवन गर्ग चेयरमैन एसडी इंटरनेशनल स्कूल, प्रमोद कुमार बंसल प्रधान एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्रीकृष्ण अग्रवाल ऑडिटर एसडीवीएम सिटी, विनोद गुप्ता चेयरमैन एमएएसडी पब्लिक स्कूल, तुलसी सिंगला सेक्रेटरी एसडीवीएम हुडा, आकाश गर्ग चेयरमैन एसडी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस, दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान, महेंद्र अग्रवाल जनरल सेक्रेटरी, राजीव गर्ग, विशाल गोयल कोषाध्यक्ष, सूरज प्रकाश गुप्ता और प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने फूलों के हार पहना कर किया। कार्यक्रमके आरम्भ में 'श्री राम श्री राम' केनाम का उदघोष हुआ। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई और स्वामीजी ने रुद्राक्ष का एक पौधा भी कॉलेज प्रांगण में रोपा। इधर, संत स्वामी श्री गोविंद देव गिरि ने कहा कि भगवान राम का नाम लेने मात्र से हमारे पाप घटने लगते है और जो श्री राम का नाम नहीं लेता उसके सिर पर इनका बोझ लदा रहता है । उन्होनें कॉलेज प्रांगण में पधारने पर ख़ुशी की अभिव्यक्ति की और कहा कि जिस प्रकार के श्रोता यहां बैठे है उनसे बात करने का आनंद ही अलग है। हमारे जीवन में विचार सबसे मत्वपूर्ण भूमिका रखते है। क्या कहा गया था, क्या कहा जा रहा है और क्या कहा जाएगा, ये हमारे विचारों पर निर्भर करता है। विचार ही हमारी बुधिमत्ता का निर्धारण करते है। जीवन में सफलता और असफलता हमारे विचार ही निर्धारित करते है। जो आपने कॉलेज का नाम सनातन धर्म रखा है सम्पूर्ण संसार में इससे अद्भुत शब्द और कोई नहीं है। एक इंसान की तरह जीना एक अलग बात है परन्तु सुन्दर विचारों के साथ जीना एक शानदार बात है। हमें सदैव इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हम जो भी कर रहे है वह सही है या गलत। जो व्यक्ति समय समय पर अपनी समीक्षा करता रहता है वही सफलता के कदम चूमता है। मैं क्या सोच रहा हूं, मैं कैसे सोच रहा हूं जो व्यक्ति इस प्रकार की सोच खुद में पैदा करते है वही इस ब्रह्माण्ड पर प्रभाव डालते है। सनातन धर्म इस जगत का सबसे व्यापक शब्द है। लोगों, समाज, प्रकृति और परिवार का ईश्वर से संतुलन ही धर्म है। धर्म बंधुत्व भाव का नाम है। वेदों में भी पानी, प्रकृति, चंद्रा आदि की आराधना करना और इनके साथ संतुलन बनाकर रखना समझाया गया है। इसके मद्देनजर प्रकृति का दोहन ना किया जाए और पर्यावरण को घना करने को अधिक से अधिक पौधे रोपे जाए।



## पानीपत रिफाइनरी में पुष्प की भव्य प्रदर्शनी

**पानीपत।** मिनी स्मार्ट सिटी, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) के सेंट्रल पार्क में शानदार एवं विशाल "22 वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी" की भव्य और सौंदर्यपूर्ण छटा ने सभी आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी की थीम स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास थी और इसका आयोजन आसपास के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण को स्वस्थ बनाए रखने के साथ-साथ इंडियन ऑयल के हरित संकल्प को और मजबूत करते हुए समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से किया गया था। प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने रश्मि डहरिया, अध्यक्ष विदुषी क्लब, शैलेश तिवारी, कार्यकारी निदेशक एवं रीजनल हेड (एनआरपीएल), चूरामन, कार्यकारी निदेशक, मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण और पानीपत रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स के वरिष्ठ अधिकारियों, तथा आसपास के गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में किया।

## मेयर उपचुनाव : निकाय चुनाव के इतिहास में सबसे कम मतदान

# घटकर 31.9 % पर आया मतदान 240 वोट भी घटे, टेंशन में भाजपा

**सबसे कम मतदान से भाजपा-कांग्रेस सकते में रिकॉर्ड मार्जन से जीत का दावा करने वाले नेता चुप, सीएम की रैली का भी मतदाताओं पर नहीं हुआ असर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मेयर उपचुनाव में हुए कम मतदान ने भाजपा सबसे ज्यादा टेंशन में है। दिल्ली विधानसभा में मिली बंपर जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर था। उसी उत्साह के साथ भाजपा ने निकाय चुनाव में प्रचार का बिगुल बजाकर बड़े मार्जन से मेयर का चुनाव जीतने का दावा किया था। मगर अब इस दावे की हवा निकलती दिख रही है।





अंबाला। मतदान के बाद पति संदीप सचदेवा के साथ फुर्सत में शैलजा सचदेवा व घर पर कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला।

उधर कम मतदान पर कांग्रेसी गदगद हैं। पार्टी नेताओं को कहना है कि जनता भाजपा की नीतियों से नाखुश है। इसी वजह से जनता ने मतदान में हिस्सेदारी न कर अपना विरोध जता दिया है। ज्यादातर नेता अब मेयर चुनाव में बड़ा उल्टफेर होने की संभावना जता रहे हैं।

### डैशबोर्ड पर 240 वोट कम

रविवार देर रात पोलिंग डैशबोर्ड पर दिखाए गए मतदान के आंकड़ों में सोमवार को 240 वोट कम हो गए। रविवार को डैशबोर्ड पर जो मतदान 32 फीसदी दिखाई दे रहा था। 240 कम वोटिंग से मतदान प्रतिशत पर 32 से घटकर 31.9 फीसदी रह गया है। अब तक हुए निकाय चुनाव के इतिहास में यह पहला मौका है जब इतना कम मतदान हुआ। नगर निगम में मतदाताओं की संख्या 1 लाख 93 हज़ार 260 दर्ज है।

### एक तिहाई कम पड़े वोट

इस बार एक तिहाई से भी कम मतदाताओं ने ही मतदान किया। रविवार को मतदान के बाद आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए गए आंकड़ों में भी मतदान करने वाले वोटरों की संख्या 61 हज़ार 801 दर्शायी गई थी। परन्तु सुबह तक दो सौ चालीस (240) मतदाता घटाकर संख्या को 61 हज़ार 561 रह गया। अब अब वास्तविक तौर पर मतदान 31.9 % ही रह गया। चार वर्ष पूर्व दिसंबर2020 में अंबाला में 56% प्रतिशत और उससे पूर्व जून 2013 में हुए चुनाव में 67% प्रतिशत लोगों ने मतदान किया था। पांच माह पूर्व अक्टूबर 2024 में विस चुनाव में अंबाला शहर सीट पर मतदान 63 व मई 2024 में 18वीं लोस चुनाव में मतदान 62 प्रतिशत रहा था।

### अब परिवार के साथ बिता रही समय

मेयर चुनाव के लिए मतदान खत्म होने के बाद सोमवार को भाजपा प्रत्याशी शैलजा सचेदवा ने पति एडवोकेट संदीप सचदेवा के साथ सुबह की चाय पी। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव को लेकर भी पति से बातचीत की। काफी दिन बाद उन्हें पति के साथ चाय पीने की फुर्सत मिली। चुनावी भागदौड़ की वजह से पहले यह संभव नहीं हो पा रहा था। कांग्रेस प्रत्याशी अमीषा चावला भी अब घर पर ही परिवार के साथ समय बिता रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 20 दिन बेहद भागदौड़ करनी पड़ी। इसी वजह से परिवार को ज्यादा समय नहीं दे पाई थी। अब तो केवल रिजल्ट का इंतजार है।

### 10 महीने में खत्म हो जाएगा कार्यकाल

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के वकील एवं म्यूनिसिपल एक्ट के जानकार एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि मेयर उपचुनाव पर राज्य सरकार ने बेजा पैसा खर्च किया है। उन्होंने कहा कि वे इस बात की पुरजोर वकालत करते रहे हैं कि केवल 10 महीने की अवधि के लिए अंबाला नगर निगम में मेयर पद का उपचुनाव कराना अनावश्यक खर्च है। मौजूद निगम का 5 वर्ष का कार्यकाल 13 जनवरी 2026 को पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही नई मेयर का कार्यकाल भी मौजूदा सदन के साथ समाप्त हो जाएगा। हेमंत ने बताया कि उन्होंने राज्य निर्वाचन आयोग को कानूनी नोटिस भेजकर यह भी पॉइंट उठाया था कि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994 की मौजूदा धारा 13 (1) के अंतर्गत मेयर के रिक्त पद को उपचुनाव से भरने का कोई प्रावधान ही नहीं है। इसके अतिरिक्त अगर नगर निगम के रिक्त पदाधिकारी का उपचुनाव कराना भी होता है, तो उक्त कानून धारा 9(5) के अंतर्गत ऐसा सीट रिक्त होने के दो महीने से पहले पहले ही संभव है उसके बाद नहीं। अगर निर्वाचन आयोग को मेयर उपचुनाव कराना ही था तो ऐसा 8 दिसंबर 2024 से पहले हो जाना चाहिए था। चूंकि 8 अक्तूबर 2024 को नगर निगम की तत्कालीन मेयर शक्ति रानी शर्मा के कालका विधायक निर्वाचित होने के दिन से ही मेयर पद रिक्त हो गया था। हेमंत ने कहा कि उक्त दोनों कानूनी पहलुओ पर मतदान सम्पन्न होने के बाद भी मेयर उपचुनाव को लेकर हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है।

### चुनावी हार की संभावना से टेंशन

निकाय चुनाव में प्रचार के दौरान हर भाजपा नेता बड़े मार्जन से मेयर चुनाव जीतने के दावे कर रहा था। सीएम नायब सैनी समेत भाजपा के दिग्गज नेताओं ने मेयर उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी। जबकि इस मामले में कांग्रेस के किसी बड़े नेता ने अपनी पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। भाजपा की बड़ी रैलियां व नुक्कड़ सभाओं के बावजूद मतदान में आई रिकॉर्ड गिरावट से अब हर नेता परेशान दिखाई दे रहा है। दरअसल मेयर उपचुनाव से पहले भाजपा अंबाला शहर से पहले लोकसभा फिर विधानसभा चुनाव में शिकस्त खा चुकी है। ऐसे में अब पार्टी को हार का डर सता रहा है। कम मतदान को लेकर कोई भी भाजपा नेता खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। अंबाला शहर विधानसभा सीट से मई,2024 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के वरुण मुलाना ने भाजपा की बंतो कटारिया 5700 वोट से हराया था जबकि अक्तूबर 2024 हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी चौधरी निर्मल सिंह ने भाजपा के पूर्व मंत्री असीम गोयल कों 11 हज़ार से अधिक वोटों से पराजित किया था।

## दो पार्टियों के बीच होता है चुनाव हमारे लोगों ने वोट डाले विपक्षी नहीं आने से वोटिंग कम



- मंत्री अनिल विज बोले आचार संहिता हटते ही अंबाला छावनी एयरपोर्ट से अलग-अलग शहरों के लिए विमान सेवा प्रारंभ होगी

अंबाला। मंत्री अनिल विज ने कहा कि बजट सत्र शुरू होने वाला है लेकिन अभी तक विपक्ष अपना नेता नहीं चुन पाया है। हमारी पूरी तैयारी है लेकिन विपक्षी कांग्रेस पार्टी अभी तक अपना नेता नहीं चुन सकी इसलिए हम पूरी तरह तैयार है। अगर कोई सवाल उठाएंगे तो हम डटकर इसका जवाब देंगे। विज सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। निकाय चुनाव में मतदान प्रतिशत कम होने पर उन्होंने ने कहा कि चुनाव तो दो पार्टियों के बीच में होता है। पक्ष और विपक्ष के बीच में होता है। विपक्ष पूरी तरह खत्म हो गया है। जितने लोग हमारे थे वो वोट डाल गए और विपक्ष वाले नहीं आए इसलिए मतदान प्रतिशत कम हुआ। कांग्रेस महिला कार्यकर्ता की हत्या मामले में कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं जिस पर पलटवार करते हुए विज ने कहा कि सरकार ने पूरी तत्परता और गंभीरता के साथ कार्रवाई करती है। 24 घंटे के अंदर-अंदर हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया गया है। हुड्डा बोलते ही रहते हैं उनकी आदत है बोलना। अंबाला छावनी में डोमेस्टिक एयरपोर्ट को लेकर कैबिनेट मंत्री कहा कि एयरपोर्ट का काम पूरा हो चुका है उम्मीद है कि चुनाव आचार संहिता हटते ही यहां से उड़ान शुरू हो जाएगी। अभी तक चार फ्लाइट यहां से निर्धारित की गई है, पहले अंबाला से अयोध्या की दूसरी अंबाला से जम्मू तीसरी अंबाला से कश्मीर और चौथी अंबाला से लखनऊ। कैग की रिपोर्ट में पूर्व दिल्ली सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर उठे सवालों पर मंत्री ने कहा कि उसके ऊपर पूरी गंभीरता से काम किए जा रहा है। दिल्ली सरकार में वो पेश हो चुके हैं और जो दोषी है जिन्होंने दिल्ली का खजाना लूटा है उन पर सख्त कार्रवाई होगी।

## खबर संक्षेप

### सेवा योजना के तहत ऑफिस स्थापित

**नारायणगढ़।** एडिशनल सिविल जज व चेयरपर्सन सब-डिविजनल लिगल सर्विस कमेटी गीतांजलि गोयल ने बताया कि नालसा द्वारा निशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवा योजना-2010 के अंतर्गत एसडीएलएससी में फ्रंट ऑफिस की स्थापना की गई है। इस ऑफिस में एडवोकेट गुरमीत सिंह सेवाएं प्रदान करने के लिए रिटेनर के रूप में मार्च माह में काम करेंगे। एडवोकेट गुरमीत सिंह सभी कार्य दिवसों में ऑफिस में बैठकर कानूनी सहायता के लिए आने वाले लोगों को सेवाएं देंगे।

### नेशनल लोक अदालत सात को

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने बताया कि स्थायी लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 7 मार्च 2025 को किया जाएगा। जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने जनसाधारण से अपील की कि वे अदालत मे लम्बित मुकदमें व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमें इस लोक अदालत मे रख कर उनका निपटारा करवा सकते हैं। इससे भाईचारे की भावना बढ़ती है।

### दिल्ली में आज से आयोजित होगी कांफ्रेंस

**अंबाला।** जिला उपनिर्वाचन अधिकारी पूजा कुमारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार 4 व बुधवार 5 मार्च को नई दिल्ली में भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र संस्थान एवं चुनाव प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा पद ग्रहण करने के उपरांत यह पहली कांफ्रेंस होगी। सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य

## जुर्माना नहीं भरा, 53 वाहन इंपाउंड

- यातायात पुलिस की ओर से एडीजीपी के आदेश पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया वाहन चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

एडीजीपी यातायात एवं राजमार्ग हरदीप सिंह दून के निर्देश पर सोमवार को पुलिस की ओर से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया। प्रबंधक यातायात शहरी सब इंस्पेक्टर जोगिंद्र सिंह व कोऑर्डिनेटर यातायात एसआई चरणजीत सिह ने बताया कि अभियान के दौरान सभी प्रकार के वाहनों को रोककर चेक किया गया। जांच के दौरान यह भी देखा गया कि उक्त वाहन का चालान कब हुआ है। उसने चालान का भुगतान किया या नहीं। इसके बाद ही जुर्माना अदा न करने वाले वाहनों को इंपाउंड किया गया। जिन वाहन चालकों या मालिकों ने मौका पर ही जुर्माना भरा है उनको छोड़ दिया गया। उन्होंने बतलाया कि अक्सर यातायात के नियमों की अवेहलना उपरांत वाहनों के यातायात चालान हो जाने पर लोग निर्धारित समय पर जुर्माना राशी नहीं भरते। अब यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर चलने वाले इस प्रकार के वाहनों को लगातार चेक करके इंपाउंड किया जा रहा है। यातायात पुलिस ने सोमवार को अभियान के तहत लगभग 1230 वाहनों को चेक करके 53 वाहनों को इंपाउंड किया है।



अंबाला। अभियान के दौरान वाहनों की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत 8 को

- दोनों पक्षों की आपसी सहमति से किया जाएगा विवादों का निपटारा

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने बताया कि आगामी 8 मार्च 2025 को इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आ यो ज न अंबाला एवं नारायणगढ़ की सभी अदालतों में होना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने जन साधारण से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस को नेशनल लोक अदालत में निपटारा करवाना चाहता है तो वह न्यायलय में अपने केस को लगवा सकता है।

## संत मोहन का समर्पण व त्याग अतुल्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

लबाना सिख एजुकेशनल सोसायटी ने स्थानीय एसएमएस कॉलेज और एसएमएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परिसर में संस्थान के संस्थापक धर्मगुरु संत बाबा मोहन सिंह जी की 32वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अखंड पाठ साहिब से हुआ जिसका सोमवार को भोग डाला गया। इसके उपरांत शब्द गायन और संकीर्तन से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अमृतवाणी का अनुभव प्राप्त हुआ। तत्पश्चात संस्थान और क्षेत्र के सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की मंगल कामना के साथ अरदास की गई। श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर का आयोजन भी किया गया। एसएमएस कॉलेज की छात्राओं ने /"मेरे राम राइ, तूं संता का संत तेरे/" शब्द गायन से कार्यक्रम की शुरुआत की, जबकि ढाडी जत्थों ने अपने शब्द गायन से संगत को मंत्रमुग्ध किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने कहा कि संत मोहन सिंह जी का प्रेम, त्याग और समर्पण से परिपूर्ण जीवन दर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। उन्होंने संत जी को एक महान आध्यात्मिक गुरु, समाज सुधारक, धर्म प्रचारक और शिक्षाविद् के रूप में याद किया।



बराड़ा। कार्यक्रम में शामिल लोग व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## ओलावृष्टि से नुकसान की जल्द हो भरपाई



- सांसद बोले, नुकसानग्रस्त गांवों की सूची भी जारी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

अंबाला लोकसभा से सांसद वरुण चौधरी ने हाल ही में हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की जल्द भरपाई करने की सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों की गन्ना, सरसों, सूरजमुखी, गेहूं, सब्जियां, पशुओं के चारे सहित अन्य फसलें बर्बाद हो गई हैं। इसके अलावा, पशुधन को भी नुकसान पहुंचा है। सांसद ने प्रशासन से उन गांवों की सूची जारी करने की भी मांग की है, जहां फसलों को नुकसान हुआ है। सूची के सार्वजनिक होने से किसानों को यह सुनिश्चित करने में आसानी होगी कि उनकी फसल का नुकसान भी प्रशासन द्वारा दर्ज किया गया है या नहीं। ताकि वंचित किसान अपनी क्षति का पंजीकरण पोर्टल पर करा सकें व मुआवजे से वंचित नहीं रहेंगे। चौधरी ने सरकार से जल्द से जल्द राहत कार्य शुरू करने की अपील की है।

## युवाओं को नशे से दूर करने के लिए अब पुलिस खेल स्पर्धाओं का रही आयोजन

- लोटा नमक के जरिए भी युवाओं को नशे से दूर करने का किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुलिस अधीक्षक निर्देशानुसार पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है और इसके साथ-साथ नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की गई है, जिससे कि नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर अच्छे कार्यों में लगकर देश की उन्नति में भागीदार बने। पुलिस द्वारा नशामुक्त अभियान के तहत बकेट चैलेंज ,लोटा नमक व खेलकूद प्रतियागिता लगातार चलाई जा रही है। इसमें युवावर्ग बाल्टी में भरे गंदे पानी को फैंकते हैं और लोटा में नमक डालकर नशा न करने की शपथ लेते हैं व खेलकुद प्रतियागिता से जुडकर नशा से दूर रहने की भी शपथ ली जाती है। तीनों कार्य दर्शाते हैं कि हम नशे का जड़ से खात्मा करके समाज व देश को नशामुक्त बनाए। इसी कड़ी में सोमवार को पुलिस प्रवक्ता सिंदर सिंह ने अंबाला पुलिस लाईन में वॉलीबाल मैच कराकर नवयुवकों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए हम सब की भागीदारी जरूरी। पुलिस अधीक्षक ने युवाओं से अपील की हुई है कि वह नशे के विरूद्ध इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर क्षेत्र को नशामुक्त बनाने व राष्ट्र निमार्ण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।



अंबाला। वॉलीबाल मैच में हिस्सेदारी करते युवक। फोटो : हरिभूमि

## कार सवार युवकों पर हमला एक दर्जन के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

- लूट के इरादे से युवकों पर तेजधार हथियारों से हमला करने का आरोप, अब पुलिस तलाश रही है आरोपियों को

मारकंडा के निकट कार का तेल खत्म होने के कारण खड़े तीन युवकों पर दर्जनभर युवकों ने तलवारों, गंड़ासियों से हमला कर घायल कर दिया। घायलों ने मारपीट के आरोप हरिद्वार से गंगाजल लाने वाले आधा दर्जन युवकों पर लगाए। हमलावर लूट के इरादे से खड़ा होने की बात बोलकर तीनों पर हमला किया। जिसमें कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना कई दिन पुरानी बताई जा रही है। घायलों ने अब ठीक होने के बाद शिकायत दी। गांव बिंजलपुर गांव के 21 वर्षीय उज्वल ने मोलाना पुलिस को बताया कि 23 फरवरी को वह और राजन दोनों अपने दोस्त विकास को ऑल्टो कार में रामपुर छोड़ने के लिए जा रहे थे। गाड़ी राजन चला रहा था। मारकंडा पुल के पास पहुंचे तो अचानक कार में तेल खत्म हो गया था।

गाड़ी को साइड करने के बाद अपने दोस्तों से खाली कैन में तेल लेकर बुलाया था। अभी तक प्रतीक्षा ही कर रहे थे कि अचानक एक कार रूकी। इसमें हरिद्वार से जल लाने वाले करीब छह से सात लोग बैठे थे। इतने में कुछ समझ पाते कि इस लोगों ने उन्हें लूट के इरादे से हाईवे पर रुकने की बात बोलते हुए मारपीट शुरू कर दी। हाथों में तलवारों, गंडासियों व डंडों से हमला कर घायल कर दिया था। यहां तक कि कार को भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए थे। जाते हुए धमकाकर गए थे कि दोबारा हाईवे पर दिखे तो जान से मार देंगे। इस मारपीट में तीनों के सिर से खून बहने के कारण उपचार के लिए एमएमयू अस्पताल मुलाना में दाखिल करवाया था।

## दस साल की किशोरी के साथ की अश्लीलता, सात साल की कैद

- !दादा के पास से खिलाने के बहाने ले गया था जसविंद्र

**अंबाला।** 10 साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने वाले मुजरिम को अदालत ने सात साल के कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीय की कोर्ट में आरोपी जसविंदर को दोषी मानते हुए सात साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है। जुर्माना न देने पर छह महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। 24 नवंबर 2023 को अंबाला शहर थाने में पीड़िता ने शिकायत देते हुए बताया कि उसकी 10 साल की बेटी है। जिसे उसके ससुर रोजाना घुमाने के लिए ले जाते थे। 24 नवंबर को एक चाय की दुकान पर बेटी के साथ बैठे थे। इसी दौरान पंजाब के मानसा जिला के गांव कानगाढ़ का जसविंदर सिंह आया व खिलाने के बहाने बेटी को पास के एक खंडहर में ले गया। जहां पड़ोस के बच्चों ने बेटी का यौन शोषण होते देखा तथा अपनी मां को घटना की जानकारी दी। पड़ोसन ने मौके पर पहुंचकर जसविंदर को लात मारी व बच्ची को छीन लिया। पड़ोसन ने पूरी घटना पीड़ित बच्ची की मां को बताई। पुलिस चौकी नंबर चार में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस मामले में पड़ोसी के बच्चों को भी गवाह बनाया गया था। अब अदालत ने आरोपी को मुजरिम करार देते हुए सजा सुनाई।

### मंत्री विज बोले, बस स्टैंड होंगे आधुनिक, यात्रियों को मिलेंगी सुविधाएं

# बजट के बाद शुरू होगी हाईटैक बनाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

परिवहन विभाग अब बस स्टेशनों को हाईटेक बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। बजट सत्र के बाद कार्रवाई शुरू हो जाएगी। बस स्टेशनों का भी आधुनिक तरीके से पुनर्निर्माण किया जाएगा। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा रोडवेज की बसों को ट्रैक करने के लिए ऐप बनना शुरू हो गया है। इससे यात्रियों को बस को ट्रैक करने में आसानी होगी। बसों की सही स्थिति का पता चल सकेगा। यात्रियों का समय बचेगा। परिवहन विभाग की पहली बैठक में सुधार का रोडमैप तय कर दिया है, बस स्टेशनों पर बेहतर खान-पान प्रबंधन के लिए पांच बस स्टैंड पर पायलट प्रोजेक्ट की योजना बनेगी। इसी वर्ष सभी बस अड्डों को आधुनिक बनाने व खाने पीने के सामान की क्वालिटी सुधारना है। 5 बस स्टैंड टूरिज्म विभाग को देने के लिए फाइल मुख्यमंत्री के पास भेजी गई है।



### ओएमयू नहीं हुआ तो रेलवे की तर्ज पर बनेगा कॉर्पोरेशन

हमने यह भी कहा है कि यदि किसी कारण से वह एमओयू नहीं होता, तो जैसा रेलवे में आईआरसीटीसी खाना उपलब्ध कराती है उस तर्ज पर ऐसी कॉर्पोरेशन हरियाणा में बनाई जाए जिससे स्टाफ व यात्रियों को अच्छा खाना दिया जा सके।मंत्री ने कहा कि हम बसों की ट्रैकिंग पर कार्य कर रहे हैं जिससे बस की सही स्थिति का पता चल सकेगी। हम एक एप बनाने पर काम कर रहे हैं, जिससे बसों की सही स्थिति का पता चल सके। इसपर काम शुरू हो गया है। इससे यात्री अपनी मोबाइल स्क्रीन पर बस की अपडेट लोकेशन समय समय पर देख सकेंगे। परिवहन मंत्री अनिल विज के अनुसार वह कुछ आरक्षित बसों को भी लांच करेंगे। जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से लोग रिजर्वेशन करा सकेंगे। इससे बसों में सुगमता के साथ अपनी यात्रा पूरी कर सकेंगे। अभी के समय बसों में भीड़ होने के चलते यात्री आसानी से सफर नहीं कर पाते हैं। इस सुविधा के बाद रिजर्वेशन करा कर आसानी से अपने गंतव्य तक यात्री पहुंच सकेंगे। रोडवेज की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 750 बसों की खरीद के हाईपावर परचेज कमेटी की मीटिंग में ऑर्डर कर दिए जा चुके हैं। बसों की संख्या में इजाफा होने के बाद यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

## समस्याओं का करें समाधान

**अंबाला।** ख्य कार्यकारी शिवालिक डिवेलपमेंट बोर्ड एवं नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है इसलिए समाधान शिविर में लोगों द्वारा जो भी शिकायतें एवं समस्याएं रखी जाती है उनका प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करवाना सुनिश्चित करें।

नगराधीश सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के कॉफैस हॉल में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रही थी और समाधान शिविर के दृष्टिगत सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। उन्होंने शिविर में आए लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान करवाया।